हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 30.0 डिग्री

12 दिशिता ने नीट परीक्षा में हासिल किया 906 रैंक



12 शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित




## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल तथा जिंदा कारतूस के साथ एक काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने सैक्टर 15 के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी रोहतक रोड से गोहाना रोड की तरफ गश्त कर रहे थे। सैक्टर 15 के निकट युवक पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगा। कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### किसान भवन के पास मिला व्यक्ति का शव

**पूंडरी।** पूंडरी स्थित किसान भवन के पास एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान राजेंद्र पुत्र प्रभा सिंह, निवासी गांव रसीना (65) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### चाचा-भतीजा पर तेजधार हथियार से किया हमला

**जींद।** गांव डिडवाडा में जमीन विवाद के चलते चाचा-भतीजा पर चाकू तथा बैल्ट से हमला कर घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डिडवाडा निवासी मनीष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत का रास्ता पक्का करवाया जा रहा है। जिस पर गांव के ही संदीप तथा सुनील कब्जा किए हुए हैं।

### डंफर की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

**कैथल।** सेगा में मिट्टी से भरे के एक डंफर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक शनिवार सुबह घर से बाइक पर सवार होकर जा रहा था। मृतक की पहचान सेगा निवासी जसविंदर के रूप में हुई है। जसविंदर के भाई की शिकायत पर तितरम थाना की पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठेके पर जमीन लेकर राशि हड़पने का लगाया आरोप

**जींद।** जमीन को ठेके पर लेकर राशि हड़पने, खेत में लगे टयूबवैलों का बिजली बिल न भरने तथा जमीन पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। शिकायत के आधार पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी, कब्जा करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### होटल संचालक का सहयोगी गिरफ्तार

**कैथल।** असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी द्वारा दिए आदेश पर कार्रवाई करते होटल में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीरभान सिंह द्वारा करते हुए होटल संचालक का सहयोगी आरोपी बिहार के सुपौल निवासी उदगार पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मंत्री बेदी देंगे करोड़ों रुपये की सौगात आज

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी 15 जून को क्षेत्र वासियों को करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री श्री बेदी प्रातः 9:00 बजे चौधरी छोटू राम पार्क के पीछे गली की आधारशिला रखेंगे।

### राजस्थानी चरवाहों का मोबाइल व नकदी चोरी

**कलायत।** सजुमा रोड पर युवक राजस्थानी चरवाहों का मोबाइल और 4 हजार रुपये लेकर फुर्र हो गया। चारे व की कमी से जूझ रहे राजस्थान के दो चरवाहे पशुधन के साथ वार्ड 2 में डेरा डाले हैं। चरवाहा सद्दाम हुसैन व सलीम ने बताया कि बृहस्पतिवार रात्रि करीब 9 बजे वे अपने गौधन को लेकर शहर में पहुंचे। रात्रि करीब 12 बजे उनके पास एक युवक आया था।

## 50 लाख की मांगी फिरौती, ढ़ाई लाख लूटे, दुकानदार को गोली भी मारी

# बदमाशों के हौसले बुलंदः साढ़े तीन मिनट तक चला लूट के साथ जिंदगी और मौत का खेल

### दुकानदार के सामने कुर्सी पर बैठा उसका दोस्त असहाय होकर मौत और जिंदगी के खेल को देख रहा था

**न चेहरे ढांपे, न पकड़े जाने का भय, वारदात कैमरे में कैद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना में बदमाशों के हौंसले इतने बुलंद रहे कि वारदात के दौरान उन्हें न पुलिस का खौफ था न वारदात के बाद अंजाम की परवाह। दुकानदार के सिर पर मौत मंडरा रही थी। दुकानदार के सामने वाली कुर्सी पर बैठा उसका दोस्त असहाय होकर मौत और जिंदगी के खेल को देख रहा था। लगभग साढ़े तीन मिनट तक लूटपाट तथा जान लेने की कोशिश का खूनी खेल चला। हैरानी इस बात की है कि गर्मी के मौसम में शाम को छह से रात नौ बजे तक पुलिस तक विशेष चौकसी बर्तनी चाहिए थी। वह हालात नरवाना में वारदात के दौरान नही थे। जिसके चलते बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार होने मे कामयाब हो गए। हालांकि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बदमाशों की पहचान भी कर ली है। जिनकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीमे छापेमारी कर रही है। लुटेरे युवकों ने आठ बजकर 50 मिनट पर दुकान में दस्तक दी। घुसते ही दुकानदार के साथ आवेश मे बात के साथ बदमाश ने गोली दाग दी जाती है। लुटेरे का साथी कुछ वस्तु उठा कर दुकानदार के सिर मारता है। बदमाश फिर से दुकानदार की तरफ असलहा का मुंह कर देता है। दुकानदार प्लास्टिक के स्टूल से खुद का बचाव करता है। दुकानदार के सामने बैठे व्यक्ति से भी बदमाश बात करते हैं। बदमाश दुकान के गल्ले को खगालते है। 50 लाख रुपयों की डिमांड की जाती है। फिर अढाई लाख की राशि लूटने के बाद बदमाश फिर फायर करता है। दोनों बदमाश दुकान के बाहर खड़े अपने दो अन्य साथियों के साथ फरार हो जाते हैं। बदमाश बाहरी नही बल्कि उसी मोहल्ले के थे। जिन्हें दुकानदार भी जानता था। बदमाशों ने अपना चेहरा नही ढापा हुआ था। बेखौफ होकर दुकानदार से लूटपाट तथा जानलेवा हमले की वारदात को अंजाम देते रहे। दुकान में लगे सीसी टीवी कैमरे में पूरी वारदात कैद हो गई। बदमाशों ने दुकान में बैठे व्यक्ति से कुछ पूछा तो लेकिन बदमाशों का खौफ उस व्यक्ति के चेहरे पर साफ दिखाई दिया। उसने एक बार उठने की कोशिश की बदमाश की नजर पड़ते ही वह वापस बैठा दुकादार के साथ चल रहे मंजर को देखता रहा।



जींद। सीसी टीवी में कैद हुए बदमाश।

**खौफ होना जरूरी, कडा करें इलाज**

व्यापारी नेता पवन गर्ग ने कहा कि घटना से व्यापारी, कारोबारी, दुकानदार के साथ आमजन भी दहशत में है। जिस प्रकार से वारदात को अंजाम दिया गया। बदमाश बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। पुलिस को ऐसे बदमाशों का कडा इलाज करना चाहिए ताकि बदमाशी से जिदगी भर तौबा करें और दूसरो तक भी कडा सदेश जाए।

## पुरानी रंजिश के चलते युवक को चाकू घोपकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

उपमंडल के गांव थेह मुकेरिया में शुक्रवार रात को पुरानी रंजिश के चलते युवक जयमल (18) पर चाकुओं व डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया गया। हमलावरों ने युवक के सीने को चाकू से कई बार गोदा, जिससे मौके पर ही हालत गंभीर हो गई। शोर सुनकर आस-पास भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख आरोपी भाग गए। जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें लेकर पटियाला के राजेंद्रा हॉस्पिटल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने अधिक खून बह जाने के कारण जयमल को मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोर की पहचान थेह मुकेरियां के जयमल (18) के रूप में हुई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। हालांकि अभी तक हत्या के स्पष्ट कारणों का पता नहीं लग पाया है लेकिन हत्या का कारण सन्नी व विक्की से जयमल की रंजिश चल रही थी। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार को इन्हीं दोनों ने जयमल पर जानलेवा हमला किया। गुहला थाना एसएचओ विजेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। किशोर के शव का पटियाला में पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।




जींद। बस अड्डा पर बूथ पर लगी बसें। फोटो :हरिभूमि

## जींद से वाया सफीदों होते दिल्ली के लिए नई बस सेवा प्रारंभ

- दिल्ली से वापसी चल कर यह बस दोपहर ढाई बजे जींद वापस पहुंचेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रोडवेज डिपो ने जींद से वाया सफीदों होते हुए दिल्ली के लिए नई बस शुरू की गई है। जींद से सुबह छह बजकर 50 मिनट पर बस दिल्ली के लिए चलेगी जो सफीदों और पानीपत होते दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली से वापसी चल कर यह बस दोपहर ढाई बजे जींद वापस पहुंचेगी। सफीदों मार्ग पर स्थित निर्जन, लोहचब, मनोहरपुर और तलोड़ा गांव के लोगों ने जींद से सफीदों होते हुए दिल्ली के लिए बस चलाने की मांग की थी। परिवहन मंत्री अनिल विज के संझान में मामला आने के बाद रोडवेज मुख्यालय के आदेश पर जींद डिपो ने इस बस को शुरू किया है। जींद से वाया सफीदों-पानीपत होते हुए लगभग 163 किलोमीटर की दूरी तय कर बस दिल्ली पहुंचेगी। वहीं जींद से रोहतक होते हुए दिल्ली जाने के लिए 153 किलोमीटर की दूरी करनी पड़ती है। जींद से रोहतक होते हुए दिल्ली रूट पर दस से अधिक बस चलती है। जबकि सफीदों रोड स्थित गांव के यात्रियों को अगर दिल्ली जाना होता था तो उन्हें पहले जींद आना पड़ता था। इससे यात्रियों के समय और धन की हानि होती थी। ऐसे में यात्रियों ने मांग कि जींद से वाया सफीदों और पानीपत होते हुए दिल्ली के लिए बस शुरू की जाए। जिससे यात्रियों को राहत मिल सके। यात्रियों ने पहले रोडवेज अधिकारियों को ज्ञापन देकर बस चलाने की मांग की थी। रोडवेज अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांग पर विचार विमर्श किया जाएगा और बस शुरू करवाने का प्रयास रहेगा। फिर मांग परिवहन मंत्री अनिल विज तक पहुंच गई। इसके बाद परिवहन मंत्री ने रोडवेज मुख्यालय के माध्यम से जींद डिपो के रोडवेज अधिकारियों को जींद से वाया सफीदों और पानीपत होते बस शुरू करने के निर्देश दिए थे।

## गुरु ब्रह्मानन्द चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

बीती रात पूंडरी के प्रमुख स्थल गुरु ब्रह्मानंद चौक पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार रात करीब 11.30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने चौक में घुसते हुए जोरदार टक्कर मार दी। गुरु ब्रह्मानंद जी की मूर्ति इस हादसे में बाल-बाल बच गई, जिससे श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक कैथल से करनाल की ओर जा रहा था और अत्यधिक तेज गति में था।




टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चौक की संरचना को भारी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई आमजन मौजूद नहीं था, नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया। प्रारंभिक जांच में ड्राइवर नशे की हालत में पाया गया और ट्रक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी हुई थी, जिससे ट्रक की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## पाइपलाइन टूटी, चार दिन से पेयजल का टोटा

- गर्मी के इस मौसम में वार्ड के लोगों में पानी को लेकर मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

जन स्वास्थ्य विभाग की पाइप लाइन टूटने से पिछले 4 दिनों से पानी से वंचित रह रहे हैं वार्ड नंबर 6 के निवासी। बारे सत्यनारायण, जयभगवान, महेंद्र शर्मा, कपिल, कमल, गुलशन सहित कई अन्य लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों से लगातार पानी की सप्लाई नहीं मिल रही। जिससे पानी को लेकर लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। इन्होंने कहा कि कैथल असंध मार्ग पर चल रहे सीवरेज पाइप दबाने के कार्य के चलते, उनकी पाइपलाइन टूट गई थी। जिससे पिछले चार दिनों से उन्हें पानी की सप्लाई नहीं मिल रही। जिससे गर्मी के इस मौसम में वार्ड के लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। इन लोगों ने कहा कि इस बारे संबंधित विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया है लेकिन कोई भी समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जब तक पाइपलाइन नहीं जोड़ी जाती तब तक कम से कम टैंकर द्वारा वार्ड में पानी की सप्लाई दी जाए ताकि लोगों को गर्मी के इस मौसम में परेशान न होना पड़े। इन लोगों ने बताया कि यहां केवल जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सप्लाई किए जाने वाले पानी पर ही वार्ड के वासी निर्भर हैं। क्योंकि भूमिगत जल यहां पीने योग्य नहीं है, जिससे गर्मी के इस मौसम में बहुत ज्यादा परेशानी वार्ड के लोगों होना पड़ रहा है। इन लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग शीघ्र यहां पानी की सप्लाई की व्यवस्था करें।



राजौंद। महाराणा प्रताप चौक के पास खोदी गई खाई। फोटो :हरिभूमि

## भारत का गृह मंत्री बनकर एसपी रीडर पर बनाया दबाव, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


भारत का गृह मंत्री बन एसपी रीडर को फोन कर काम के सिलसिले में एसपी से बात करने व काम करवाने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एसपी रीडर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी के रीडर रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एसपी कार्यालय में कामकाज में व्यस्त था और अपने काम को निपटा रहा था। उसी दौरान उसके सरकारी फोन पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को गृहमंत्री अमित शाह बताया। जिसके बाद व्यक्ति ने एक काम करवाने तथा एसपी से बात करवाने के लिए दबाव डाला। एसपी रीडर को कॉल करने वाले व्यक्ति पर संदेह हुआ। जिस के बारे में उसने पुलिस अधिकारियों का अवगत करवाया। जब कॉल करने वाले के नंबर को खंगाला गया तो वह किसी व्यक्ति का मिला। सिविल लाइन थाना पुलिस ने एसपी रीडर की शिकायत पर अपनी पहचान छुपा कर भारत का गृहमंत्री बन कर अपने काम करवाने का दवाब बनाने, धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेरधा में पशुओं को पानी पिलाने गए व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत

- गर्मी के कारण वह खुद भी नहाने के लिए तालाब में कूद गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव सेरधा में पशुओं को पानी पिलाने तालाब गए व्यक्ति की नहाते समय डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के लिए कैथल भिजवाया। शनिवार को शव का पंचनामा करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गांव सेरधा निवासी 42 वर्षीय कुलदीप अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए तालाब में गया था। गर्मी के कारण वह खुद भी नहाने के लिए तालाब में कूद गया। कुछ देर बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो मौके पर अन्य ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि पुलिस ने 174 की कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।





पाई। करोडा से सेरधा जाने वाली टूटी सड़क। फोटो :हरिभूमि

### सड़क में घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग करने का आरोप

**पाई।** करोडा से सेरधा जाने वाली सड़क में घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग करने से ग्रामीणों में जिला प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। ग्रामीण मनजीत, रोहित, नरेंद्र, रमेश, पवन आदि ने बताया कि करोड़ा जाने वाली सड़क पर कई बार गहरे गड्ढें भरने का कार्य किया गया, परन्तु उसमें घटिया किस्म की सामग्री प्रयोग की गई। उन्होंने बताया कि अब इन गड्ढों से परते उतरनी शुरू हो गई है और अब फिर से ग्रामीणों के सामने वही पुरानी समस्या आनी शुरू हो गई है। सिर्फ खानापुर्ति करके सरकार को भारी चुना लगाया जा रहा है, परन्तु ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई नही होती। उन्होंने बताया कि इस भ्रष्टाचार को उजागर करने के बाद इसकी जांच करने टीम भी आई थी, परन्तु शायद वह भी इसके भ्रष्टाचार में पंस चुकी है। उन्होंने कहा कि हल्का विधायक कहते है कि उनको काम में सिर्फ क्वालिटी चाहिये। अब ये क्वालिटी हल्का विधायक के सामने है।

## भीषण गर्मी से आमजन बेहाल, हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए जिला प्रशासन की जारी एडवाइजरी

# लगातार तापमान बढ़ने से सब्जियों की फसल पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीद

पिछले पांच दिनों से तापमान 42 डिग्री बना रहा। शनिवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की कमी आई और तापमान 41 डिग्री रहा। वहीं अधिकतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई और यह 29 डिग्री से बढ़ कर 30 डिग्री पर पहुंच गया। ऐसे में लगातार हीट स्ट्रोक का खतरा बना हुआ है। अब दिन के साथ ही रातें भी गरम हो रही हैं। आमजन को गर्मी और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा लगातार जागरू किया जा रहा है। वहीं बढ़ते तापमान ने सब्जी उत्पादकों की चिंता बढ़ा दी है। किसानों की पैदावार में भारी गिरावट आई है। किसानों के अनुसार एक एकड़ में जहां पहले 10 क्विंटल सब्जियां उगती थी वहां अब सिर्फ एक क्विंटल ही उत्पादन हो रहा है। ऐसे में किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ उत्पादन में कमी आई है तो दूसरी तरफ बाजार में भाव भी कम मिल रहे हैं। पिछले साल खीरे का भाव 35-40 रुपये प्रति किलो था। अब किसानों को इससे आधे दाम मिल रहे हैं। थोक बाजार में स्थिति यह है कि एक गाड़ी सब्जी चार दिनों में भी नहीं बिक पा रही है। बेल वाली सब्जियां गर्मी में विशेष रूप से प्रभावित हो रही हैं। गर्मी के मौसम में बढ़े हुए तापमान से हीट स्ट्रोक व लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषकर धूप में ज्यादा घूमने वालों, खिलाडि़यों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को हीट स्ट्रोक व लू लगने का डर ज्यादा रहता है। हीट स्ट्रोक और लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है कि हम इनसे बचे रहें। हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव के लिए हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें।



जींद। गर्मी से सूख रही खेत में लगाई धान पनीरी। फोटो :हरिभूमि

### आज होने वाली मैराथन स्थगित

जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि 15 जून को होने वाली मैराथन प्रशासनिक कारणों से स्थगित हो गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि हीट वेव व लू से बचने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है। जिसका सभी पालन करते हुए हीट स्ट्रोक व हीट वेव से बचाव करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। दिन में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं। नींबू पानी में थोड़ा नमक और चीनी डाल कर पीने से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। नारियल पानी पीना इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति के लिए सबसे अच्छा तरीका है।

### वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों का रखें

बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की विशेष देखभाल करें। तेज गर्मी खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच अवश्य करें। ध्यान रहे कि उनके पास फोन हो। यदि वे गर्मी से बेचैनी महसूस कर रहे हों तो उन्हें ठंडक देने का प्रयास करें, उनके शरीर को गीला रखें, उन्हें नहलाएं अथवा उनकी गर्दन तथा बगलों में गीला तौलिया रखें। उनके शरीर को ठंडक देने के साथ साथ डॉक्टर अथवा एम्बुलेंस को बुलाएं। उन्हें अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए कहें। हीट स्ट्रोक से बचने और डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा गांव कालवा में आज

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को उपमंडल के कालवा गांव के ययाति सूर्य कुंड मंदिर परिसर में पहुंच कर जनसभा को संबोधित करेंगे। राज्यसभा सांसद रविवार को दोपहर 12 बजे शहीदों की याद में मनाए जाने वाले कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे और शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे और लोगों से रूबरू होकर समस्याएं भी सुनेंगे।

### अभियान चलाकर टीबी के खिलाफ किया जागरूकता

जींद। स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक ने चिकित्सा अधिकारी डा. पारुल के दिशा-निर्देश अनुसार गांव रूपगढ़ में लोगों को टीबी के बारे में जागरूक करने के लिए अभियान चलाया और दो मरीजों को गोद लिया। इसमें उन्होंने खाद्य पदार्थ देकर हर माह जब तक दवाई का इलाज पूरा नहीं हो जाता तब तक इन मरीजों को गोद लेने के नाम से खाद्य पदार्थ देकर उनको स्वस्थ स्वास्थ्य देने का वायदा किया। ग्राम पंचायत व अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी अपील की कि वह भी अपने सामर्थ्य अनुसार टीबी मरीजों को गोद लें।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**नरवाना।** सामाजिकता एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी के जन्मदिन पर सामाजिक संस्था राह क्लब नरवाना व उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार 15 जून को सुबह 10:00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रविवार सुबह एलआईसी कार्यालय रोड स्थित जाट धर्मशाला में आयोजित होने वाले इस रक्तदान शिविर में प्रदेश भर से रक्तदानी सज्जन हिस्सा लेंगे। जानकारी देते राह क्लब नरवाना के अध्यक्ष डा प्रदीप नैन व राह क्लबों के जिला प्रभारी राजेश टांक ने जानकारी दी।

### दुष्यंत चौटाला आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**जींद।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को जींद दौरे पर रहेगे। वे यहां पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यह बैठक 15 जून शाम को तीन बजे निजी होटल में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जेजेपी जिला प्रेस प्रवक्ता विकास जागंडा ने बताया कि बैठक में जिलेभर से पार्टी के पदाधिकारी, युवा नेता, महिला विंग और वार्ड स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### डिप्टी स्पीकर से जल्द मिलेंगे परिषद सदस्य

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान बूटा सिंह पूनिया की अध्यक्षता में डे-केयर सेक्टर सात में हुई। बैठक में अहमदाबाद में हुई जहाज दुर्घटना में मारे गए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मोन रखा गया। इसके बाद पिछली मीटिंग की कार्रवाई की समीक्षा की गई व इसका सभी सदस्यों द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा आगामी महीने में परिषद द्वारा पौधे लगाने का रहा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ट्री गार्ड खरीदने के लिए अनुदान राशि का आश्वासन दिया गया था। इस बारे में उनसे मिलने पर विचार-विमर्श किया।

## जिले में सुधरेगी स्वास्थ्य सेवाएं, तीन सब हेल्थ सेंटर को मिली मंजूरी

# 1.39 करोड़ से बधाना-मोरखी व संडील में बनेंगे सब हेल्थ सेंटर

### पंचायती राज विभाग ने लगाए टेंडर, पिछले पांच साल से फाइलों में उलझी थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का बेड़ा मजबूत होने जा रहा है। जल्द ही बधाना, मोरखी व संडील में सब हैल्थ सेंटर (सीएचसी) का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए पंचायती राज विभाग ने 1.39 करोड़ रुपये की राशि से तीन सीएचसी बनाने के लिए टेंडर लगाया है। सब हेल्थ सेंटर हैं कंडम हालात में जिले में कई सब हेल्थ सेंटर पिछले लगभग पांच साल से कंडम हालात में थे। इनके निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मुख्यालय को पत्र लिख कर मंजूरी के लिए भेजा था। जहां से इनके निर्माण के लिए पंचायती राज विभाग को एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए गए। विभाग ने एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय को भेज दिया था। जहां से इनको मंजूरी मिली। प्रत्येक सब हेल्थ सेंटर के लिए 46.64 लाख रुपये की मंजूरी मिली। तीनों सब हेल्थ सेंटर पर 1.39 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अब इन सब हेल्थ सेंटर के निर्माण के लिए पंचायती राज विभाग ने टेंडर लगा दिया है। इन टेंडरों की बिड अब 23 जून को खुलेगी। इसके बाद कंपनी को निर्माण के लिए टेंडर अलॉट कर दिए जाएंगे। इसके तुरंत बाद इन सब हेल्थ सेंटरों का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगाए ताकि लोगों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके। इनके निर्माण के लिए एक वर्ष का समय दिया गया है। इसके अलावा दूसरे कंडम सब हेल्थ सेंटरों के भी जल्द टेंडर होंगेः जिले में लगभग 14 सब हेल्थ सेंटर कंडम हालात में थे। इनके पिछले लगभग एक साल पहले एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय भेजे थे। इनकी मंजूरी भी मिल चुकी है। इन सभी के टेंडर भी जल्द ही लगाए जाएंगे। इनकी प्रक्रिया भी चली हुई है। पंचायती राज विभाग के माध्यम से ही यह सब हेल्थ सेंटर बनाए जाएंगे।



नागरिक अस्पताल जींद।

#### स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होगी

ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। एक सब हेल्थ सेंटर की मंजूरी पांच हजार की आबादी तक मिलती है। अब इन तीनों सेंटरों के बनने से जिले में लगभग 15 हजार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

#### दूसरे भवनों में चल रही थी स्वास्थ्य सेवाएं

इन तीनों गांवों में भवन कंडम होने के कारण स्वास्थ्य सेवाएं दूसरे भवनों में लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही थी। जहां पर बेहतर तरीके से टेस्ट व इलाज में चिकित्सकों को परेशानी होती थी। अब यहां पर नए भवन बनने के बाद चिकित्सकों को बेहतर रुमए शौचालयए जांच सुविधा व मरीजों के दाखिले के लिए बेहतर कमरे उपलब्ध होंगे। पंचायती राज विभाग के एक्सईएन पोषण कन्यान ने बताया कि तीन गांवों में सब हेल्थ सेंटर बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई। इन पर 1ण्39 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 10 दिन बाद टेंडर की बिड खुलेगी और एजेंसी को निर्माण के लिए कार्य सौंप दिया जाएगाए ताकि लोगों को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

#### विभाग का लक्ष्य सभी को बेहतर सुविधा मिले

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि जो भवन कंडम थे, उनके निर्माण के लिए मुख्यालय को पत्र लिख दिया था। अब मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद इनके टेंडर जारी किए गए हैंए ताकि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जा सके। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले में सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

## दिशिता ने नीट परीक्षा में हासिल किया 906 रैंक

### *नीट 2025 में सुप्रीम स्कूल की ऐतिहासिक सफलता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। दिशिता को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मेधावी छात्रा दिशिता ने नीट 2025 परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 906 प्राप्त कर विद्यालय, परिवार व जिले का नाम गौरवान्वित किया है। ये उल्लेखनीय उपलब्धि दिशिता की कड़ी मेहनत, अनुशासित अध्ययन और सुप्रीम स्कूल की उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था तथा अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। दिशिता अब देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की ओर अग्रसर हैं। क्योंकि उन्होंने 20 लाख से अधिक परीक्षार्थियों में शीर्ष 0.1 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतेंद्र त्रिपाठी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक तथा निदेशक शरत अत्री ने दिशिता को उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिशिता की यह सफलता दर्शाती है कि जब किसी छात्र को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होता है तो वह देश के किसी भी स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### संजीव वैद जिलाध्यक्ष मनोनित

**जींद।** बत्तरा होटल में हरियाणा वाल्मीकि महासभा की बैठक मुकेश सुदकैन की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में सत्यवान ढिलौड प्रधान महासचिव हरियाणा वाल्मीकि महासभा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवी प्रसन्न जिला महासचिव जींद शामिल हुए। बैठक में हरियाणा वाल्मीकि महासभा के संगठन विस्तार पर चर्चा हुई और इसी कड़ी में शनिवार को संजीव वैद बधाना को हरियाणा वाल्मीकि महासभा जींद का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उपाध्यक्ष मुकेश सुदकैन तथा सतीश बडौदा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में कुलदीप कहसून, अशोक थुआ, गुरदेव, राजीव, दर्शन, कश्मीर सिंह, विनोद, सन्नी करसिंधू आदि ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही जिला कमेटी व शेष ब्लॉक कमेटियों का गठन किया जाएगा।

### जुलाई तक होगा कांग्रेस बॉडी का गठन : अमित

**जींद।** एआईसीसी ऑब्जर्वर अमित विज ने कहा कि जुलाई माह में जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन हो जाएगा। पिछले पांच दिनों के दौरान उन्होंने जिले की पांचों विधानसभा के नेताओं, कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों तथा आमजन की राय ली गई है। कांग्रेस का जो भी जिलाध्यक्ष बनेगा वह सर्वमान्य बनेगा। जिसकी कार्य प्रणाली का भी अवलोकन होगा।
अमित विज शनिवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पिछले 11 सालों से सगठन नही है। जिसका खामियाजा कांग्रेस का चुनाव में भुगतना पडा। अब कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निर्देशों पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए 16 जून तक आवेदन मांगे गए हैं। अबतक उन्हें 25 से 30 आवेदन मिले हैं। पिछले पांच दिनों से संगठन को लेकर चर्चा कार्यकर्ताओं तथा आमजन की जा रही है। जिलाध्यक्ष उसी व्यक्ति को बनाया जाएगा जो सभी को साथ लेकर चले, अच्छा व्यक्तित्व हो, पार्टी की नीतियों को आगे तक लेकर जाए।

### एड्स लाइलाज बीमारी, जानकारी ही बचाव : राजेंद्र

**जींद।** इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग एब्यूज कार्यक्रम के तहत नागरिक अस्पताल तथा श्री साईं वेलफेयर के सहयोग से चालक प्रशिक्षण केंद्र और बस अड्डा कार्यशाला में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नागरिक अस्पताल से काउंसलर राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र पाल, स्वास्थ्यकर्मी व रोडवेज स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान ड्राइविंग ट्रेनिंग पर आए प्रशिक्षुओं की एचआईवी एड्स, हैल्पलाइन 1097 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान 115 लोगों की एचआईवी जांच की गई और सभी नेगेटिव पाए गए। काउंसलर राजेंद्र सिंह ने संबोधित करते कहा कि लोगों में एड्स बीमारी को लेकर आज भी काफी भ्रम हैं। यह बीमारी साथ-साथ खाने से, हाथ मिलाने और गले मिलने से, खांसने, छींकने या हवा से, मच्छरों या कीड़े-मकोड़े के काटने से, खाने के बर्तन, कपड़े, शौचालय के सामूहिक उपयोग से नही होती है। एचआईवी एड्स केवल एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संपर्क से, संक्रमित सीरिंज व सुइयों के प्रयोग से, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाने से हो सकता है।


जींद। जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि


जींद। राज्य सम्मेलन को लेकर बैठक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक

**जींद।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति के 12वें राज्य सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। सम्मेलन 28-29 जून को जींद में होगा। सम्मेलन की तैयारी के लिए बैठक स्वागत समिति की अध्यक्ष कुसुम दलाल और जनवादी महिला समिति की जिला प्रधान आशा की संयुक्त अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव कोशिगन व कोषाध्यक्ष नूतन प्रकाश ने किया। बैठक में राज्य अध्यक्ष सविता ने संबोधित किया। बैठक की शुरुआत में अहमदाबाद एयर क्रैश में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अलग अलग कमेटियों का गठन किया गया। राज्य सम्मेलन के पहले दिन 28 जून को खुले अधिवेशन में महिलाओं को स्वतंत्रता सेनानी कैप्टन लक्ष्मी सहगल व प्रेम सहगल की बेटी, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्या व पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल तथा जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष एपीके, हरियाणा की पहली भीम अवार्डी खिलाड़ी डा. जगमति सांगवान संबोधित करेंगी।

### मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो सदस्यों ने शनिवार को नागरिक अस्पताल में अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों की असामायिक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य स्टाफ कर्मियों ने दो मिनट का मोन रख कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक सभा की अध्यक्षता हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा ने की जबकि डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. राजेंद्र, डा. संकल्प, डा. कर्मबीर, डा. सुरजीत मलहोत्रा, डा. विशाल पोरस, डा. पूनम मान, डा. हिना, कमल चुघ, सुनील सैनी सहित अन्य स्वास्थ्य स्टाफ मौजूद रहा। प्रधान विजेंद्र ढांडा ने कहा कि शोक सभा में सभी चिकित्सकों ने दो मिनट का मोन रख कर मृतकों की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। हादसे में विमान यात्रियों की मौत तो हुई ही साथ ही भावी चिकित्सकों की भी मौत हुई।


जींद। नागरिक अस्पताल में शोक व्यक्त करते चिकित्सक।


जींद। बैठक में भाग लेते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस कर्मचारी एसो.ने की मांगों पर चर्चा

**जींद।** हरियाणा पुलिस कर्मचारी एसोसिएशन की मासिक बैठक पुलिस लाइन में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रेम सिंह बांगड ने की और संचालन मिया सिंह ने किया। सभी पुलिस पैंशनरों ने सबसे पहले दो मिनट का मौन रखकर देश के लिए रक्षा करते हुए और 12 जून को जहाज क्रैश होने पर आकस्मिक मौतों पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभी ने पुलिस कर्मचारियों व पैन्शनरों की मांगो पर विचार-विमर्श किया तथा सरकार से सभी मांगें लागू करने की मांग की गई। बैठक में धर्मबीर राठी, रणधीर सिंह, रामचंद्र, राजेंद्र सिंह, वृद्धिचंद, सतबीर सिंह बांगड़, बालकिशन, राजबीर मलिक सहित अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।


जींद। ईंटल कलां में शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी और ग्रामीण महिलाएं।

### बेटियां होती है अनमोल : कविता

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ईंटल कलां गांव में एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी व पवन कुमार द्वारा सभा का आयोजन किया गया। इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। कविता रानी ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंगानुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। इस समस्या के निदान के लिए सरकार को ही नहीं बल्कि हम सभी को सामाजिक दृष्टि से जागरूक होना होगा। इसके लिए हमें रूढ़िवादी सोच का परित्याग करना चाहिए। ईश्वर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए संतान उसी की देन है और लड़का, लड़की एक समान है। हम किसी के भी भाग्य विधाता नहीं हैं। पवन कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना बालिकाओं को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए बनाई गई योजना है।

## शिविर में 31 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

विश्व रक्तदाता के दिवस के उपलक्ष में श्री साईं वैल्फेयर सोसायटी टीआई परियोजना जींद व मेट्रो अस्पताल संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजन किया। जिसके अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। जिसमें 31 यूनिट रक्त एकत्रित की गई। जो आपातकाल स्थिति में मरीजो के काम आ सकें। साथ ही आए हुए लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया । इस कड़ी में परियोजना प्रबंधक ज्योति ने बताया कि रक्तदान ही आपात स्थिति में व्यक्ति की जान बचा सकता है। रक्त का अन्य कोई विकल्प नहीं है और ना ही किसी लैब में इसे तैयार किया जा सकता है। इस कड़ी में संस्था की लेखाकार सुमन रानी ने बताया कि आज भी डिमांड से 22 प्रतिशत कम रक्त उपलब्ध है। हमारी महिलाओं में अक्सर रक्त की कमी पाई जाती है। इसलिए महिलाओं को समय-समय पर अपने एचबी की जांच करा कर इसे बढ़ाने का प्रयास करें और यह केवल खानपान की आदत में सुधार करके ही पूरा किया जा सकता है। मेट्रो अस्पताल के ईश्वर सांगवान ने बताया कि हमें अपने जीवन में रक्तदान करना चाहिए ताकि आपात स्थिति में निपट जा सके। अंत में संस्था में कार्यरत एएनएम।मिनाक्षी ने सभी को रक्तदान करने तथा जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।


अलेवा। राजकीय महाविद्यालय में नशे के प्रति शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### नशा एक अभिषापः डा. सोनिया

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा में नशा विरोधी प्रकोष्ठ द्वारा नशा पर आधारित एक अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ प्रभारी डा. मधुबाला ने की तथा मुख्य रूप से डा. सोनिया तथा सुमन ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। डा. सोनिया ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले हानिकारक प्रभावों के बारें में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिषाप है, इससे दूर रहे तभी बेहतर। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले की मौत का शिकार हो जाता है। सुमन ने कहा कि नशे के आदी व्यक्ति को समाज में घृणा की दृष्टि से देखा जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए एक बोझ स्वरूप हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने आसपास लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने की अपील की।

**बैठक** | सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक ने सामाजिक मुद्दों को लेकर महापंचायत बुलाई

# सर्व सामाजिक मुद्दों को लेकर 15 अगस्त के बाद कंडेला खाप के चबूतरे पर होगी उत्तरी भारत की महापंचायतः टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जनकल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि सामाजिक मुद्दों को लेकर 15 अगस्त के बाद कंडेला खाप के चबूतरे पर उत्तरी भारत की महापंचायत बुलाई जाएगी। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक देश, एक चुनाव की जो मुहिम चलाई गई है, यह देश के लिए सराहनीय काम है। जिससे देश में आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और विकास की गति तेज होगी। हमारा संयुक्त संगठन नशा मुक्त हरियाणा, किसानों को लाभकारी भाव दिलाना, प्राकृतिक खेती एवं मोटी फसलों को बढ़ावा देना, लीव इन रिलेशनशिप को बंद करवाना, एक गांव एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, पर्यावरण को बचाने के लिए हर एक पदाधिकारी को पांच-पांच पौधे लगाना आदि सभी मुद्दों को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। टेकराम कंडेला ने कहा कि इन सभी मुद्दों को मजबूती से उठने के लिए प्रदेश स्तर पर दो टीमों का गठन किया गया है। एक टीम का नेतृत्व जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राममेहर कंडेला करेंगे। दूसरी टीम का नेतृत्व जन कल्याण मंच व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुनील सिवाच करेंगे। कंडेला ने कहा कि दोनों टीमों को जिम्मेदारी दी गई है कि प्रदेश के हर जिले में जाकर बैठकें कर के इन सभी मुद्दों को आगे बढ़ाने का काम करें।


जींद। बैठक को संबोधित करते टेकराम कंडेला। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा के संयुक्त संगठन के प्रवक्ता सुलतान कंडेला ने बताया है कि इन मुद्दों को उत्तरी भारत में मजबूती से उठाने के लिए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला की जुलाई के महीने में राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश राज्यों का दौरा करेंगे मुद्दों को मजबूती देने के लिए और संगठन को मजबूत करेंगे। इस मौके पर हजूरा सिंह, कृष्ण नंबरदार, सुरेश बोहतवाला, अजमेर दालमवाला, मेहताब सिंह अहलावत, रामकिशन, लीला आदि मौजूद रहे।


जींद। योग करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### प्रशिक्षण प्रोटोकॉल के तहत किया योग

**जींद।** 21 जून को मनाए जाने वाले 11 वे योग दिवस से पहले चल रहे प्रशिक्षण प्रोटोकॉल के तहत आयुष विभाग ने डेरा सच्चा सौदा संस्था के साथ मिल कर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में फायर ब्रिगेड के पास स्थित सब्जी मंडी उचाना में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 106 साधकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अशोक कुमार रहे। आयुष विभाग से आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. दीप्ति योग सहायक प्रोमिला तथा बबीता ने इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करवाया। योग प्रशिक्षण प्रोटोकॉल के बाद पौधा रोपण एवं वितरण भी किया गया। प्रोग्राम के अंत में डा. दीप्ति द्वारा सभी साधकों को योग के मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा उन्होंने सभी साधकों से अपील कि की आप सभी योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# इनसो के राष्ट्रीय सह-सचिव नीरज धरना स्थल पर पहुंचे

# कृषि विश्वविद्यालय में धरने पर बैठे छात्रों को इनसो का समर्थन

एमएलआर रिपोर्ट को सही तरीके से दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई पुलिस प्रशासन: नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

कौल गांव में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 के सामने पिछले चार दिनों से धरने पर बैठे छात्रों को इनसो का समर्थन मिला है। इनसो के राष्ट्रीय सह-सचिव नीरज गुनियाना धरना स्थल पर पहुंचे और छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई लाठीचार्ज की घटना की कड़ी निंदा की। छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर इनसो राष्ट्रीय सह सचिव नीरज गुनियाना को ज्ञापन सौंपा।

नीरज गुनियाना ने कहा कि प्रशासन को छात्रों से माफी मांगनी चाहिए और एमएलआर रिपोर्ट को सही तरीके से दर्ज कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने धरने पर बैठे छात्रों की फोन पर दिग्विजय चौटाला से बात करवाई, जिन्होंने फोन पर छात्रों को अपना पूरा समर्थन देने की बात कही। इस मौके पर आशीष मलिक, गौरव सागवाल, धर्मवीर मास्टर कोल, मोहित प्रेमखेड़ा, सोनू बस्ताली समेत कई छात्र नेता और समर्थक मौजूद रहे।



ढांड। कौल गांव में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामने धरना देते विद्यार्थी ।

### गरीब छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

नीरज गुनियाना ने कहा कि यहां पढ़ने वाले अधिकतर छात्र गरीब परिवारों से आते हैं और पूरे देश से अपने सपने लेकर इस विश्वविद्यालय में आए हैं। उन्होंने प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज को अमानवीय बताते हुए कहा कि इन छात्रों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही दिग्विजय चौटाला के साथ प्रतिनिधिमंडल लेकर राज्यपाल से मिलेंगे और छात्रों की समस्याओं को उनके सामने रखेंगे।

### सीएसओ पर उत्पीड़न का आरोप

गुनियाना ने विश्वविद्यालय के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह छात्रों को जातिगत आधार पर प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रशासन ने छात्रों की मांगें नहीं मानीं, तो इनसो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने जीजेयू के पूर्व वीसी टंकेश्वर का उदाहरण देते हुए कहा, /"वो भी नहीं मानते थे, लेकिन अंत में थककर बोले कि मैं दिल का मरीज हूं, मुझसे आराम से बात कीजिए।/" गुनियाना ने कहा कि प्रदेश में केवल दो चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हैं और दोनों ही स्थानों पर छात्र धरने पर बैठे हैं। ऐसे में सरकार को छात्रों की मांगें मान लेनी चाहिए, वरना इनसो बड़ा आंदोलन शुरू करेगा।

## खबर संक्षेप

### 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा बनवाएं वोट

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने कहां की लोकतंत्र की मजबूती के लिए हम सभी को आगे बढ़कर सबसे पहले अपना वोट बनवाना है फिर चुनाव के समय अपने मत के अधिकार का उपयोग करना है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवा घर बैठे ही ऑनलाइन नेशनल वोटर सर्विसेज पोर्टल के माध्यम से अपना वोट बनवा सकते हैं। डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में निर्वाचन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रही थी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग से जुड़े सभी अधिकारी स्कूलों व कॉलेजो में नए मतदाताओं को शामिल करने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें ऑनलाइन बनाए जाने वाले वोट कार्ड के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दें।

### संतोख माजरा में युवाओं ने छबील लगाई

**राजौंद।** राजौंद पुंडरी मार्ग पर सीएनआई चर्च संतोख माजरा के युवाओं द्वारा ठंडे मीठे शर्बत की छबील लगाई। इस भीषण गर्मी में मार्ग से गुजरने वाले हर राहगीर की प्यास बुझाई। दिन प्रतिदिन गर्म हवाओं में हर कोई घरों में दुबकने को मजबूर हो रहा है। गर्मी को देखते गांव संतोख माजरा में युवाओं द्वारा लोगों का कंठ को ठंडा किया गया आस्था ऐसी थी की भयंकर गर्मी में सड़क से गुजरने वाले हर वाहन को रुकवा रुकवा कर ठंडा मीठा शर्बत पिलाकर राहगीरों की प्यास बुझाई।

# सर छोटूराम चौक का लोकार्पण

■ किसान मसीहा चौधरी छोटू राम की प्रतिमा पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** रणदीप सिंह सुरजेवाला और सुरभि गर्ग ने किया सर छोटूराम चौक का लोकार्पण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहर के पिहोवा चौक के नजदीक शनिवार को चौधरी छोटूराम के चौक का जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न होने के बाद इसका लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला व भाजपा महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन सुरभि गर्ग मुख्यातिथि रही। विशिष्ट अतिथि विधायक आदित्य रहे। कांग्रेस महासचिव रणदीप व नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने किसान मसीहा चौधरी छोटू राम की प्रतिमा पर नमन कर सभा में मौजूद लोगों को संबोधित किया। चेयरपर्सन ने सुरभि गर्ग ने कहा कि चौधरी छोटू राम ने किसान, मजदूरों व 36 बिरादरी के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर किसान, मजदूरों को उनका हक दिलवाया। भाजपा सरकार ने आज 11 साल के शासन में किसान, मजदूर, कमेरा वर्ग और आम जन मानस हित में कार्य किया गया है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि किसान मसीहा चौ. छोटूराम ने हमेशा किसानों, मजदूरों व कमेरे वर्ग के हकों की लड़ाई लड़ी। किसान मजदूरों पर अंग्रेजों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों के खिलाफ आंदोलन चलाए। अपनी कलम को तलवार बनाया।

# डोर टू डोर अभियान चला लोगों को नशा न करने के लिए किया जागरूक

■ नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। ग्रामीणों को जागरूक करती पुलिस की टीम।

पुलिस जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही किस्मत, एसपीओ राजपाल तथा एसपीओ प्रदीप कुमार की टीम द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर सीवन के सभी वार्डों में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ़ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग करवाई जा रही है।

# गर्मी में शरीर का तापमान नियमित रखने के लिए करें अनुलोम प्राणायाम

■ ताऊ देवीलाल पार्क में मुख्य योग शिक्षक महावीर प्रजापति ने करवाया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



**गुहला चीका।** ताऊ देवीलाल पार्क में साधकों को योग करवाते हुए।

शहर में गर्मी का पारा लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में योग गर्मी के मौसम में हमारे शरीर को मौसम के अनुकूल रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गर्मी में प्रतिदिन शीतली और अनुलोम प्राणायाम करें। यह बात पतंजलि युवा तहसील प्रभारी एवं मुख्य योग शिक्षक महावीर प्रजापति ने ताऊ देवीलाल पार्क में सदस्यों को प्रोटोकॉल कार्यक्रम के तहत योग करवाते हुए कहीं। उन्होंने ने कहा कि नियमित योग आसन करना हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। गर्मी के मौसम में प्रतिदिन शीतली व अनुलोम प्राणायाम करना चाहिए, जो हमें हीट स्ट्रोक व लू से बचाता है। हरियाणा योग आयोग, जिला प्रशासन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार हर गली गांव में विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर प्रोटोकॉल कार्यक्रम चल रहे हैं। इंद्रमोहन मित्तल, सुशील जिंदल, डिंपल कुमार आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थी अपने शारीरिक चित्र एवं चरित्र को अच्छा बनाने के लिए योग को अपनाएं

■ करें योग, मानसिक एवं आत्मिक बल की होगी उन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। योगासन करते साधक।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 14 जून को कैथल की सभी खेल नर्सियो, अकादमी में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डॉ.शकुंतला दहिया जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया कि महानिदेशक आयुष हरियाणा, पंचकूला द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग प्रोटोकॉल शिविरो का शेड्यूल जारी किया है जिसमें 14 जून को खेल संस्थान के अधिकारी/कर्मचारी एवं खिलाड़ियों द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला कैथल की सभी खेल नर्सियो, अकादमी में किया गया। राज रानी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यदि खिलाड़ी प्रतिदिन खेल खेलने से पहले योग क्रियाएं करता है तो वह दिनभर उर्जायुक्त महसूस करता है। खिलाड़ियों की योग करने से शारीरिक क्षमता, व उर्जा बढ़ने के साथ-साथ खेल में एकाग्रता बढ़ती है।

# गांव बाता के तालाब में मछलियों के मरने का सिलसिला जारी

■ दुर्गंध ने किया जीना मुहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



**कलायत।** गांव बाता के तालाब में मछलियां मरने से पैदा हुई समस्या की जानकारी देते ग्रामीण।

चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर स्थित गांव बाता के पुराने बस स्टैंड के पास स्थित तालाब में व्यापक स्तर पर मछलियों के मरने का सिलसिला जारी है। तालाब और इसके आसपास के क्षेत्र में भारी दुर्गंध का माहौल बन गया है। इससे लोगों का जीना मुहाल बना है। हालात इस कदर खराब हैं कि दुकानदारों के सामने दुकानें बंद करने की नौबत पैदा हो गई है। महिलाएं, बड़े-बुजुर्ग, युवा व बच्चे शासन-प्रशासन से राहत प्रदान करने की मांग कर रहे हैं। मा. हिस्म सिंह, संजीव, लछमन शर्मा, बलजीत शर्मा, पवन राणा, संजू राणा, राजेश राणा और विजय शर्मा ने कहा कि दुर्गंध से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। आरोप है कि तालाब में मछली पालन का ठेका इस संकट की वजह है। ठेकेदारों की लापरवाही से मछलियां दम तोड़ रही हैं। इसलिए तुरंत प्रभाव से ठेका रद्द किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का हल नहीं हुआ तो बड़ा स्वास्थ्य संकट खड़ा हो सकता है। तालाबों को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है।

## विदेशों से रिश्तेदार और जानकार बनकर साइबर ठग कर रहे हैं ठगी, रहे सावधान: आस्था मोदी



एसपी आस्था मोदी

**कैथल।** आज के समय साइबर अपराध चरम पर हैं, साइबर अपराधियों द्वारा आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। ऐसे में विदेशों से रिश्तेदार या जानकार बनकर साइबर अपराधियों द्वारा साइबर ठगी का एक नया तरीका अपनाया जा रहा है। इस बारे पूर्ण जानकारी देते हुए एसपी आस्था मोदी ने बताया कि आजकल बहुत से बच्चे विदेशों में पढ़ाई व काम के सिलसिले में गए हुए हैं। साइबर ठग इसी बात का फायदा उठाते हुए विदेशों से कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपके रिश्तेदार या आपके बच्चे का झगड़ा हो गया है या एक्सीडेंट हो गया है या उसको किसी मामले में पुलिस ने पकड़ लिया है, जिसकी एवज में वह आपसे पैसो की डिमांड करता है और कहता है कि समझौता वगेरा में पैसे देने पडेगें। ऐसी स्थिति में हम घबरा जाते है क्योंकि हमारा रिश्तेदार व बच्चा हमसे दूर होता है और हम अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए बिना सोचे समझे ही हडबडाहट में उनको पैसे भेज देते हैं और बाद में हमें पता चलता है कि हमारे साथ तो ठगी हुई है। इसके अलावा विदेश से कोई आपका रिश्तेदार बनकर आपको कॉल करता है और कहता है कि उसने आपके खाते में पैसे डाले हैं। वह पैसे आप से भारत में कोई एजेंट ले लेगा। साइबर ठग डाले हुए पैसों की नकली रसीद भी आपको व्हाट्सएप देता है। इसके अतिरिक्त साइबर ठग आपका संबंधी बनकर कहता है कि वह आपके खाते में पैसे डालेगा, जो आप से एक एजेंट लेकर जाएगा, इसके लिए वह आपको एक लिंक भेजेगा और उस पर क्लिक करने बारे कहेगा। आपके द्वारा उस लिंक पर क्लिक करते ही आपको खाता खाली हो जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने इस बारे में एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि इस तरह के ठगो से सावधान रहें।

# नपा ने स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में आमजन से सहयोग की अपील की

■ स्वच्छता पखवाड़ा अभियान एक से 21 जून तक चलाया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ?गुहला-चीका



**गुहला चीका।** करबा चीका में स्वच्छता पखवाड़ा चलाते कर्मचारी।

स्वच्छता पखवाड़ा के चलते नगरपालिका चीका सचिव जितेंद्र शर्मा के आदेशनुसार शहर में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान 1 जून से 21 जून तक चलाया जा रहा है जिसके तहत आज नगरपालिका क्षेत्र में सीएनडी वेस्ट को साफ किया गया और प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया इसके साथ-साथ प्रतिदिन की तरह नालों पर भी सफाई अभियान चलाया गया इसके साथ ही नगरपालिका दरोगा ईशम सिंह ,डोर टू डोर सुगम स्वच्छता सुपरवाइजर कुलदीप सिंह,कोऑर्डिनेटर प्रकाश एवं मदन शर्मा द्वारा आमजन से अपील की गई कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में सहयोग करें। डोर टू डोर सुगम स्वच्छता सुपरवाइजर कुलदीप सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत स्वच्छता शपथ,सफाई अभियान, प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए प्लास्टिक बाहर-कपड़ा अंदर पर थीम आधारित अभियान चलाना, विश्व पर्यावरण दिवस, विक्रेता संघों के साथ स्वच्छ बाजार अभियान, स्वच्छता से स्वास्थ्य, जल संरक्षण दिवस, नालियों से गाद निकालना जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

## नवीन जिंदल फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजौंद।** जींद रोड पर स्थित वार्ड नंबर 7 श्री रविदास आश्रम में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा नवीन जिंदल मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मैडीकल कैंप आयोजित किया गया। कैंप में एमबीएस डॉक्टरों द्वारा फ्री चैकअप किए गए और दवाइयां वितरित की। इस दौरान वार्ड नंबर 7 की पार्षद कर्मवती ने बताया कि मेडिकल वैन में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ कई टेस्ट व परामर्श भी निशुल्क किए गए हैं। कैंप में लगभग 100 मरीजों को दवा वितरित की गई और 18 मरीजों का चैक अप किया गया। पार्षद कर्मवती व रविदास आश्रम के प्रधान राजकुमार चौहान ने नवीन जिंदल फाउंडेशन ग्रुप का विशेष धन्यवाद किया।

# शिवम सहारण का नीट परीक्षा में अच्छा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल जिले की तहसील कलायत के गांव खरक पांडवां निवासी शिवम सहारण ने एनईईटी 2025 परीक्षा में जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया रैंक 710 हासिल कर बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने यह सफलता बिना किसी कोचिंग, केवल स्वअध्ययन से प्राप्त की, जो आज के छात्रों के लिए एक प्रेरणास्रोत है। गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक का सफरः शिवम ने मैट्रिक गांव के स्कूल से 98% अंकों के साथ उत्तीर्ण की और फिर दिल्ली स्थित सीबीएसई स्कूल से बारहवीं में 93% अंक प्राप्त किए। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने घर पर रहकर, स्वयं के अनुशासन और मेहनत से एनईईटी की तैयारी की और देश के हजारों छात्रों में अपनी अलग पहचान बनाई। पढ़ा-लिखा परिवार बना ताकतः शिवम के पिता जयपाल सहारण और माता सुनिता सहारण दोनों शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं। माता पीजीटी बायोलॉजी के पद पर आरोही मॉडल स्कूल, ग्योंग (कैथल) में कार्यरत हैं। घर का अनुशासित और शैक्षिक वातावरण शिवम की सबसे बड़ी ताकत रहा।

### विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया

# शिविर में 70 युवाओं ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद




जींद। रक्तदाता को बैज लगाते नप चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी।

राज हॉस्पिटल रोहतक रोड जींद पर लाइफ लाइन ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि और भाजपा के जिला महामंत्री डा. राज सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला अफजाही की और सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहन के लिए बैज लगाए गए। बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर डा. राज सैनी ने बताया कि आपको रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरुरत नहीं होती हैं। रक्तदान के लिए तो एक बड़ा दिल और मुक्त मन की जरूरत होती हैं। वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है। रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है। जाना चाहते हो अगर किसी के दिल में तो एक ही रास्ता है वो है रक्तदान करके। आपका रक्तदान किसी के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस रक्तदान शिविर में लगभग 70 युवाओं ने रक्तदान किया है। इस मौके पर मनजीत कर्मगढ़ ने 11वीं, संजय सैन ने 10 वीं, चट्टान सिंह ने 8वीं, आशीष जिंदल ने चौथी बार रक्तदान किया।

### समाजहित के कार्यों में भागीदार बनें

नगर परिषद चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि युवा वर्ग को यह समझना होगा कि किसी भी खुशी मौके पर फिजूल खर्ची करने की बजाए रक्तदान जैसे समाजहित के कार्य करने चाहिए। जिससे अन्य लोगों का भला हो सके। यह सबका कर्तव्य है कि युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों में बढ़चढ़ कर भागीदार बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है। क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। इस दौरान डा. सरबजीत कौर, गोविंद सैनी, डा. परमिंद्र कौर, डा. किरण छाबड़ा, डा. सविता, डा. पूनम चंदा, अभिषेक मोर, गुरुवचन बिढ़ान, अमन ढांडा, प्रवीण अलारिया आदि मौजूद रहे।

# योग दिवसः राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। युवाओं को कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान करते आचार्य हरिओम व अन्य।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के लिए पतंजलि योगपीठ कैथल जिला प्रभारी आचार्य हरिओम व भारत स्वाभिमान कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी आचार्य बलविंद्र सिंह स्वयं गांव-गांव पहुंच रहे हैं, लोगों से संपर्क साध रहे हैं और उन्हें इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित कर जा रहे हैं। उन्होंने आज भी कैथल व कुरुक्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया और लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल तक पहुंचें व इसका लाभ उठाएं। सीवन पहुंचे आचार्य हरिओम ने एक विशेष भेंटवार्ता में जानकारी दी कि आगामी 21 जून को पवित्र ब्रह्मा सरोवर, कुरुक्षेत्र में भव्य योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। पतंजलि योगपीठ के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के समर्थन से होने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविख्यात योग गुरु स्वामी रामदेव मुख्य अतिथि व प्रमुख मार्गदर्शक की भूमिका निभाकर साधकों का मार्गदर्शन करेंगे।

सूचना

मैं, भजन लाल पुत्र श्री तारा चंद निवासी मकान नंबर-478/21, अम्बकेशवर कालोनी, प्रताप गेट के बाहर, कैथल, जिला कैथल, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम भजन लाल दर्ज है मेरा नाम भजन लाल रंगा से भजन लाल किया जाए जो कि मेरे सभी दस्तावेजों में है और सही व दुरूस्त है।

### थुआ, खेड़ीबुल्ला, काब्रछा व गांगोली में सरपंच पद का चुनाव होगा

# पंच के 75 पद, मेंबर पंचायत समिति के दो पद और सरपंच के छह पदों के लिए उपचुनाव आज

## रोजखेड़ा में सर्वसम्मति से सरपंच बना, फरैण कलां में सरपंच पद के लिए किसी ने नही किया नामांकन, उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला में रविवार को होने वाले पंचायत राज संस्थाओ के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पंचायत उपचुनावों के शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए खंड जींद, अलेवा, उचाना एवं पिल्लूखेड़ा की ग्राम पंचायतों के लिए मतदान केंद्र स्थापित कर दिए गए है।

जिला जींद के अलेवा, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, जींद, उझाना, सफीदों व जुलाना ब्लॉक में पंच के 75 पद, मेंबर पंचायत समिति के दो पद व सरपंच के छह पदों के लिए उपचुनाव होना है। गांव थुआ, खेड़ीबुल्ला, काब्रछा व गांगोली में सरपंच पद का चुनाव होगा। जबकि रोजखेड़ा में सर्वसम्मति से सरपंच बन चुका है। यहां केवल एक ही नामांकन दाखिल हुआ था। वहीं गांव फरैण कलां में किसी ने नामांकन दाखिल नही किया है। इसलिए यहां मतदान नही होगा।


डीसी मोहम्मद इमरान रजा।


एसपी कुलदीप सिंह।


जींद। काब्रछा पोलिंग स्टेशन पर पहुंची मतदान पार्टी। फोटो : हरिभूमि

### खंड उचाना में मतदान के लिए बनाए गए तीन मतदान केंद्र

खंड उचाना की ग्राम पंचायत काब्रछा के लिए तीन मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 12 एवं 13 राजकीय उच्च विद्यालय (दायीं ओर) में स्थापित किए गए हैं। जिनमें क्रमशः वार्ड संख्या 1 से 5 तक के कुल 1304 मतदाता तथा वार्ड संख्या 6 से 11 तक के कुल 1291 मतदाता शामिल हैं।

### पिल्लूखेड़ा में बनाए गए हैं चार मतदान केंद्र

खंड पिल्लूखेड़ा की ग्राम पंचायत गांगोली के लिए चार मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 15, 16, 17 एवं 18 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बायीं ओर) में स्थापित किए गए हैं। जिनमें वार्ड संख्या एक से चार के कुल 1170 मतदाता, वार्ड 5 से 8 के कुल 1141 मतदाता, वार्ड 9 से 12 के कुल 1136 मतदाता तथा वार्ड 13 से 16 के कुल 1037 मतदाता शामिल हैं।

### उपचुनाव को लेकर पर्याप्त पुलिसबल तैनात : एसपी

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि उपचुनाव को लेकर पर्याप्त पुलिस बल मतदान केंद्रों पर तैनात रहेगा। किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था को हाथ में नही लेने दिया जाएगा। एएसपी सोनाक्षी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। संबंधित डीएसपी व थाना प्रभारी चुनाव के दौरान सुरक्षा की कमान संभालेंगे।

### आज होगा पेड होली डे

पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव के मद्देनजर रविवार 15 जून को मतदान क्षेत्र में हरियाणा सरकार के मतदाता के रूप में पंजीकृत कर्मचारियों के लिए पेड होली-डे रहेगा। कर्मचारियों को मतदान के दिन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के तहत सवैतनिक अवकाश की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के तहत फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों आदि में भी मतदान के दिन जहां मतदान होना है, उस क्षेत्र के मतदाता के रूप में पंजीकृत कर्मचारियों के लिए भी पेड होली डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बन सकें।

### उपचुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी : रजा

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के पंच व सरपंच के प्रस्तावित उपचुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला जींद के अलेवा, उचाना, नरवाना, पिल्लूखेड़ा, जींद, उझाना, सफीदों व जुलाना ब्लॉक में पंच के 75 पद, मेंबर पंचायत समिति के दो पद व सरपंच के छह पदों के लिए उपचुनाव होना है।

### सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला जींद की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 75 पंच पद, छह सरपंच व दो पंचायत समिति पद के लिए उपचुनाव रविवार 15 जून को सुबह आठ बजे से लेकर सायं छह बजे तक होगा। मतदान केंद्रों पर मतदान समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। कहीं भी पुनः मतदान की स्थिति बनती है तो मंगलवार 17 जून को पुनः मतदान करवाया जाएगा और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## शेरगढ़ तथा जाखौली कमान में सरपंच तथा पंचायत समिति कैथल के वार्ड 10 तथा गुहला के वार्ड नंबर 14 में आज होगा उप चुनाव

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच व सदस्य पंचायत समिति के पद के लिए उप चुनाव के तहत 15 जून को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। इसी दिन मतगणना करके परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को रिहर्सल के बाद पोलिंग पार्टियों को बूथों के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि जिला में जिला कैथल की पंचायती राज संस्थाओं के 35 पंच, दो सरपंच और दो सदस्य पंचायत समिति के उप चुनाव होने प्रस्तावित थे। इसमें कैथल के वार्ड 10 तथा गुहला के वार्ड नंबर 14 में सदस्य पंचायत समिति के लिए उप चुनाव होगा। वहीं गांव शेरगढ़ तथा जाखौली कमान में सरपंच पद के लिए उप चुनाव होगा। विभिन्न ग्राम पंचायत में पंच पद की बात करें तो 24 पदों पर सर्वसम्मति हो गई है और 11 पदों पर किसी ने भी नामांकन नहीं भरा जिसकी वजह से ये 11 पद खाली रह गए। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति कैथल के वार्ड 10 से दो उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं गुहला के वार्ड नंबर 14 में सदस्य पंचायत समिति पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में हैं। इसी प्रकार गांव शेरगढ़ मे सरपंच पद के लिए पांच तथा जाखौली कमान में दो उम्मीदवार उप चुनाव लड़ रहे हैं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं डीसी प्रीति ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मतदान केंद्र की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक लोगों के एकत्र होने, अस्त्र-शस्त्र, लाठी, तलवार, गंडासा तथा ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके साथ जहां-जहां चुनाव होने हैं, ऐसे क्षेत्रों में स्थित सभी शराब की दुकानें, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने/परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों 15 जून को शराब बेचने/परोसने की अनुमति नहीं होगी।

### यहां बनाए गए हैं मतदान केंद्र

खंड जींद की ग्राम पंचायत किशनपुरा के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 1 राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्थापित किया गया है। जिसमें वार्ड संख्या 1 से 8 तक के कुल 1237 मतदाता शामिल हैं। ग्राम पंचायत बिशनपुरा के लिए दो मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 2 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (दायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 1 से 5 तक के कुल 1060 मतदाता शामिल हैं तथा मतदान केंद्र क्रमांक 3 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 6 से 10 तक के कुल 1012 मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बिरोली के लिए भी दो मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 4 राजकीय उच्च विद्यालय (दायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 1 से 5 तक के कुल 964 मतदाता शामिल हैं और मतदान केंद्र क्रमांक 5 राजकीय उच्च विद्यालय (बायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 6 से 10 तक के कुल 976 मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार खंड अलेवा की ग्राम पंचायत थुआ के लिए चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 6 राजकीय उच्च विद्यालय (दायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 1 से 5 तक के कुल 1494 मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 7 राजकीय उच्च विद्यालय (दायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 6 से 11 तक के कुल 1497 मतदाता शामिल हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 8 राजकीय उच्च विद्यालय (बाई ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 12 से 16 तक के कुल 1386 मतदाता शामिल हैं तथा मतदान केंद्र क्रमांक 9 राजकीय उच्च विद्यालय (बायीं ओर में) जिसमें वार्ड संख्या 17 से 20 तक के कुल 1183 मतदाता शामिल हैं। ग्राम पंचायत खेड़ी बुल्ला के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 10 राजकीय मिडल विद्यालय (मध्य में) में स्थापित किया गया है। जिसमें वार्ड संख्या 1 से 7 तक के कुल 766 मतदाता शामिल हैं। ग्राम पंचायत दूडाना के लिए मतदान केंद्र क्रमांक 11 राजकीय उच्च विद्यालय (बायीं ओर) में स्थापित किया गया है। जिसमें वार्ड संख्या 10 के कुल 218 मतदाता शामिल हैं।

---

### खबर संक्षेप

#### पद्म पुरुस्कारों के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**कैथल।** डीसी प्रीति ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरुस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई, 2025 तक नामांकन भर सकते हैं। इन पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड.जीओवी.इन पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

#### अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को दी सहायता राशि

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्यायए अधिकारिताए अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय ;सेवाद्ध मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने जारी ब्यान में कहा कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम ने वित्त वर्ष 2025.26 के दौरान मई माह तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति के 311 लाभार्थियों को 221.74 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की हैए जिसमें 24.14 लाख रुपये की सब्सिडी भी शामिल है। कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी ने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति से संबंधित लोगों को विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत ऋण मुहैया करवाया जाता है ताकि वे अपना कारोबार और स्व.रोजगार स्थापित कर सकें।

## रोइंग खिलाड़ी किरण और सुमन चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में लेंगी भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद की रोइंग खिलाड़ी किरण और सुमन चीन में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में भाग लेंगी। किरण और सुमन सीनियर कैटेगरी में अपना दमखम दिखाएंगी। दोनों खिलाडियों को हैदाराबाद में होने वाले कैंप में भाग लेने के लिए 18 जून को पहुंचना है। किरण डाहौला गांव से है और सुमन संगतपुरा गांव से हैं। कोच चांद चहल ने बताया कि पहले एशियन चैंपियनशिप भोपाल में नवंबर में नवंबर माह में होने थीए लेकिन अब इसके शेड्यूल में बदलाव किया गया है। अब एशियन चैंपियनशिप चीन में होगी। हालांकि अभी इसकी तारीख तय नही हुई है लेकिन द रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से दोनों खिलाडियों को हैदराबाद में होने वाली ट्रेनिंग में भाग लेने के लिए पत्र जारी हुआ है। इस कैंप में एशियन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाडियों को प्रैक्टिस करवाई जाएगी। हरियाणा रोइंग की सचिव कमला दलाल और कोच चांद चहल ने बताया कि 22 वर्षीय किरण ने पिछले साल एशियन गेम्स और वर्ल्ड यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में भाग लिया था। जबकि इस साल फरवरी माह में हुए नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल था। वहीं 19 वर्षीय सुमन का नेशनल गेम्स फरवरी में गोल्ड और अगस्त 2024 में हुई जूनियर एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता था।


जींद। रोइंग खिलाड़ी।


कैथल। रक्तदाताओं को सम्मानित करते अधिकारी।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**कैथल।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष में 14 जून 2025 को दीपक दलाल व डॉक्टर बीरबल दलाल के द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 75 यूनिट एकत्रित की गई कैंप में शहर की विभिन्न हस्तियों द्वारा रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से राजकुमार दलाल, फौजी सरपंच प्रतिनिधि गांव मागोंमाजरी, बाबा अंग्रेज सिंह, अनिल चौधरी, पीयूष चौधरी, जोगिंदर ढुल, कुलदीप पूनिया, सतपाल गुप्ता, खुशीराम दलाल, बदन सिंह, पवन कुमार, रामपाल शर्मा लेखाकार, सिविल अस्पताल से डॉक्टर मोनिका धनखड़, गुलाब सिंह, विजेता शर्मा, जगबीर सिंह, रमेश कुमार लैब टेक्नीशियन, रमनदीप कौर आदि उपिस्थत थे।

## हनुमान मंदिर मार्केट की ओर से प्यासों के लिए दूध सेवा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान मंदिर मार्केट की ओर से समाजसेवा की सुंदर मिसाल पेश करते हुए ठंडे दूध की सेवा का आयोजन किया गया। तेज धूप और लू के बीच राह चलते लोगों को राहत पहुंचाने वाले इस सेवा कार्य को सभी ने खूब सराहा। गौरव अरोड़ा जो इस सेवा में मुख्य भूमिका में रहे, ने कहा कि इस चिलचिलाती गर्मी में किसी प्यासे को अगर एक घूंट पानी या दूध भी मिल जाए, तो वह उसके लिए अमृत के समान होता है। यही सोचकर यह सेवा की गई है, और आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। इस सेवा में मार्केट के सभी व्यापारियों व युवाओं का पूर्ण सहयोग रहा। प्रमुख सहयोगियों में शामिल रहे विजय सेठ, दीपक वर्मा, विशाल वर्मा, विनोद, अनिल, रमेश सैनी, राकेश वर्मा, राजेंद्र कम्बोज, प्रमोद, सत्यन, रितेश, सोहन लाल शर्मा, व फैंसी टेलर सहित कई अन्य समर्पित लोग। स्थानीय नागरिकों ने इस सेवा कार्य की खुलकर सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन सिर्फ प्यास नहीं बुझाते, बल्कि दिल भी ठंडे कर देते हैं। मार्केट के लोगों ने यह भी बताया कि आने वाले समय में गर्मियों के दौरान शीतल पेय, छबील व छाया सेवा को और बड़े स्तर पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।


पूंडरी। प्यासों के लिए दूध सेवा करते हनुमान मंदिर मार्केट सदस्य।

## हर हलके में पांच हजार नए सदस्य बनाएगी जजपा, आज से चलेगा सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

जननायक जनता पार्टी रविवार से प्रदेश भर में एक बड़े सदस्यता अभियान चलाएगी, जिसका लक्ष्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5,000 सदस्य बनाना है। यह अभियान 15 जून से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा और यह जजपा की जमीनी स्तर पर अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने है। उक्त शब्द जजपा प्रदेश प्रधान महासचिव प्रो. रणधीर सिंह ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से चंडीगढ़ में वार्ता करने के बाद अनाज मंडी स्थित अपने कार्यालय पर जजपा की सदस्यता अभियान बारे पत्रकारों को बताया कि जजपा ने 2029 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में एक मजबूत और प्रभावी संगठन बनाने के लिए पहले ही आधार तैयार कर लिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी के पदाधिकारी न केवल पार्टी की पहुंच का विस्तार करने के लिए बल्कि आम लोगों के सामने आने वाले ज्वलंत मुद्दों को उठाने और उनका समाधान करने के लिए जनता से सक्रिय रूप से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता जजपा की नीतियों, विचारधारा और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के संदेश को प्रत्येक शहर, गांव, गली और घर घर तक पहुंचाएं।


गुहला-चीका। जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव प्रो रणधीर सिंह चंडीगढ़ में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से वार्ता लाप करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### रामा कैरियर इंस्टिट्यूट की छात्रा अंशिका ने 385 वी रैंक हासिल की



**कैथल।** आज जैसे ही नीट का परिणाम घोषित हुआ तो कैथल जिले में रामा कैरियर इंस्टिट्यूट कैथल में खुशी की लहर दौड़ गई। रामा कैरियर इंस्टिट्यूट की छात्रा अंशिका ने 385 वी रैंक प्राप्त करके अपने जिले का ,अपने सेंटर का और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है । ऑल इंडिया रैंक 385 प्राप्त करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है और इस छात्रा ने 12th क्लास में भी अपने ब्लॉक में मेडिकल के अंदर प्रथम स्थान प्राप्त किया था वह भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

## राजौंद के दो विद्यार्थियों का अंडर-15 नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद के असंध रोड पर स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, के छात्र प्रतीक 44 किलो भार वर्ग में व छात्रा वंशिका 36 किलो भार वर्ग में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 13 जून पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय चयन शिविर में किया गया।

जहां दोनों विद्यार्थियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। विद्यालय के प्राचार्य शीशपाल सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा की विद्यार्थी प्रतीक और वंशिका ने अनुशासन, परिश्रम और लगन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दोनों विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कुश्ती प्रशिक्षक राकेश ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने पिछले छह महीनों में प्रतिदिन चार से पांच घंटे कठिन अभ्यास किया। उनकी तकनीक,फिटनेस और मानसिक दृढ़ता ने उन्हें चयन शिविर में भीड़ से अलग खड़ा किया।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ ।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

- 42 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलाना कस्बे के आरोग्यम अस्पताल में सर्व कल्याण मंच हरियाणा और आरोग्यम फाउंडेशन ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केटिंग बोर्ड के एसई नवीन दहिया ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डिप्टी सीएमओ पालेराम कटारिया ने शिरकत की। रक्तदान शिविर में 42 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में 40 बार से अधिक बार रक्तदान करने वाले 25 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएमओ पालेराम कटारिया ने कहा कि रक्त का कोई ओर अन्य विकल्प नही है। इसे केवल मानव शरीर से प्राप्त किया जा सकता है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। युवाओं को चाहिए कि वो नियमित रूप से रक्तदान करें। नवीन दहिया ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमी नही आती बल्कि शरीर पहले के मुकाबले और अधिक स्वस्थ बनता है। आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा योगेश नांदल ने बताया कि उनके द्वारा अब तक 16 रक्तदान शिविर लगाए जा चुके हैं। रक्तदान शिविरों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने पर समाजसेवी सुभाष ढिगाना और डा. योगेश को जींद ब्लड बैंक इंचार्ज डा. शिप्रा ने सम्मानित किया।


जुलाना। रक्तदाताओं को बैच लगाते मुख्यातिथि।

### प्रतिभागी शिक्षक निर्धारित आठ बजे उपस्थिति दर्ज करें

## आठ बैचों में प्रशिक्षण लेने के लिए आज कैंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

निपुण मिशन हरियाणा के फाउंडेशनल लिटरेशी एण्ड नयुमरेशी के तहत तीसरे फेस के अंतिम पांच दिवसीय एफएलएन कैंप की शुरूआत की गई। इसमें 17 जिलों के 320 प्राथमिक शिक्षक 8 बैचों में भाग ले रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष चंद्रए खंड शिक्षा अधिकारी राजपाल देशवाल व एफएलएन के जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने विधिवत कैंपों की शुरुआत करवाई। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि सरस्वती वंदना के साथ आज सभी आठों बैच शुरू हुए डीईईओए बीईओ ने कैंप में भाग लेने वाले शिक्षकों को बताया कि कैंप में समय व अनुशासन का ध्यान रखा जाए। सभी प्रतिभागी शिक्षक निर्धारित समय आठ बजे से पहले अपनी उपस्थिति दर्ज करे व दो बजकर 30 मिनट के बाद कैंप से जाए। यदि कोई शिक्षक लेट आता है तो उसके डीडीओ को उसकी अनुपस्थिति भेजी जाएगी। प्रशिक्षण में प्राथमिक शिक्षकों को खेल.खेल में शिक्षा, टीएलएम का प्रयोग, प्रिन्ट रिच क्लास रूम, स्किल पासबुक भरने व बच्चों का लर्निंग लेवल समझने बारे मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षकों को बच्चों को पढ़ाने के नए ये गुर सिखाए जा रहे हैं ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो ओर बच्चे बिना किसी डर के स्कूल की ओर अपना कदम बढ़ाए।


जींद। कैंप में भाग लेते हुए प्रदेश के 17 जिलों से आए शिक्षक।

### 17 जिलों के प्राथमिक शिक्षक ले रहे प्रशिक्षण : वशिष्ठ

एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिला जींद मे 17 जिलों के प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। सभी शिक्षकों की सुविधा का ख्याल रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को पाठ्य वस्तु को रोचक पढ़ाने के नए तरीकों से रूबरू किया जा रहा है।